हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार,17 अप्रैल 2024


तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 20.6 डिग्री


12 भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रत्याशी को जीताने का लिया संकल्प





12 आमजन को मतदान के प्रति किया जागरुक




## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी प्रिंस उर्फ ठल्लु को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता ओमप्रकाश सिंह ने 7 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी प्रिंस ने 3 अप्रैल 2024 को उसके ट्रेक्टर की ईच (पार्ट) चोरी कर लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अब आरोपी को काबू किया है। उसके कब्जे से चोरीशुदा संपत्ति भी जब्त की गई है।

### मारपीट के मामले में आरोपी को दबोचा

**अंबाला।** थाना शहजादपुर क्षेत्र में मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी कर्ण सिंह उर्फ कन्नु को गिरफ्तार किया है। परिवादी पुष्पिंद्र ने 15 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी कर्ण सिंह ने बस स्टैंड शहजादपुर में बस में चढ़कर उससे अभद्र व्यवहार कर मारपीट करते हुए वर्दी फाड़ने व जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बराडा में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी अश्विनी को गिरफ्तार किया है।द्ध शिकायतकर्ता मांगे राम ने 1 नवंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 01 जनवरी 2020 से 1 नवंबर 2023 के दौरान आरोपी अश्विनी ने नौकरी लगवाने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### घर में घुसकर पिता-पुत्र पर किया हमला

**यमुनानगर।** गांव कप्तान माजरी में कुछ लोगों ने एक घर में घुसकर पिता-पुत्र पर रॉड व डंडों से हमला कर घायल कर दिया। हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को गहरी चोट लगने के कारण उन्हें टांके लगाने पड़े। पुलिस ने गांव कप्तान माजरी निवासी संजीव कुमार की शिकायत पर जांच के बाद 10 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# पिछले साल की तुलना में गेहूं की आवक में 50 फीसदी की गिरावट

## परिवर्तशील मौसम की पड़ी मार, कमीशन व दूसरी समस्याओं को लेकर आढ़ती भी नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



मंडी में आई गेहूं को सूखाते मजदूर

अनाज मंडी के अधीनस्थ उगाला, एवं सरदेहडी खरीद केंद्रों पर इस रबी मौसम के पहले पखवाड़े में सर्दी के लंबे खींचने, रात्रि तापमान में कमी, वर्षा, बादलों व परिवर्तनशील मौसम के चलते गत वर्ष 2023 -24 में 2.13 लाख क्विंटल की तुलना में इस बार गेहूं की आवक 95 ह जा र क्विंटल ही मात्र दर्ज की गई,। यह गत वर्ष की तुलना में आधे से भी कम है। कृषि पंडितों के अनुसार गेहूं की बिजाई के समय ठंड तथा पकने के समय तापमान अधिक होने से गेहूं का उत्पादन व गुणवत्ता पर प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है। परंतु बिजाई के समय इस बार ठंड का मौसम रहा। शरद ऋतु के लंबा खिंचने व रात्रि का तापमान कम रहने, वर्षा बादलों तथा परिवर्तनशील मौसम के कारण फसल पकने में अनावश्यक विलंब तथा गेहूं में नमी की मात्रा अधिक होने से किसानों की परेशानी अत्यधिक बढ़ गई है। मंडी में गेहूं बेचने पहुंचे किसान उजागर सिंह, प्रेम सिंह, परवीन, प्रदीप, किशन सिंह तथा जयसिंह आदि ने बताया कि मौसम विभाग द्वारा बताए गए पूर्व हनुमान के अनुसार पश्चिमी वक्षिोभ के बार-बार सक्रिय होने से गेहूं के पकने, कटाई व सुखाने में अनावश्यक विलंब के साथ भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।

■ खेत में खड़ी फसल पर बारिश तथा ओलावृष्टि का भय सता रहा

मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण खेत में खड़ी फसल पर बारिश तथा ओलावृष्टि का भय सता रहा है, जबकि कटाई के पश्चात खेत अथवा मंडी में बारिश से भीगने व अधिक नमी के कारण परेशान होना पड़ रहा है। सरकार को 12% नमी से बढ़ाकर इसकी मात्रा 14% करनी चाहिए जिससे किसानों को कुछ राहत मिल सके।

### कमीशन को लेकर रोष जताया



आढ़ती संघ प्रधान कवंरजीत सिंह विर्क ने बताया कि गल 1 से लेकर 5 अप्रैल तक धरना प्रदर्शन करके सरकार का ध्यान गेहूं सूरजमुखी तथा सरसों आदि सभी फसलों की खरीद आढ़तियों के माध्यम से करने, किसानों को भुगतान का विकल्प उपलब्ध करवाने, एवं सरकार द्वारा पूर्व निर्धरित ढाई प्रतिशत कमीशन जैसी चिरलंबित मांगों की ओर ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया था। यह समस्या अभी भी अधर में लटकी हुई है। सरकार को तत्काल कदम उठाकर आरती व किसानों की इस समस्या का समाधान करना चाहिए।

### फसल निर्धरित मूल्य व नमी के आधार पर खरीदी जाएगी



अनाज मंडी में कृषकों की सुविधा के लिए सड़क, पेयजल, बिजली, सफाई तथा शौचालय आदि मूलभूत सुविधाओं, सहित किसान हेल्प डेस्क आदि की व्यवस्था को समय से पूर्व ही दुरुस्त किया जा चुका है। किसान अपनी फसल अच्छी प्रकार साफ व सुखा कर दोपहर तक मंडी में लाएं, जिससे उसी दिन खरीद संभव हो सके चालू रबी मौसम में किसानों की समस्त फसल निर्धरित मूल्य व नमी के आधार पर खरीदी जाएगी। फसल बेचने आए कृषकों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा नहीं होने दी जाएगी।

राहुल मेव, सचिव, कृषि मंडी

# पीएम मोदी के राज में पूरी दुनिया में भारतवासी सुरक्षित : नायब



करनाल। रायफार्म काछ्वा में जनसभा को सम्बोधित मुख्यमंत्री नायब सैनी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि भारत का प्रत्येक नागरिक आज पूरे विश्व में अपने आप को सुरक्षित महसूस करता है क्योंकि नरेंद्र मोदी की सरकार ने हर देशवासी को सुरक्षा की गारंटी दी है। आज देश दुनिया के हर कोने में भारतवासी को सम्मान मिलता है जिसका कारण सिर्फ ओर सिर्फि नरेंद्र मोदी है। मुख्यमंत्री देर शाम को करनाल विधानसभा के गांव रायफार्म काछ्वा में जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले गांव में पहुंचने पर मुख्यमंत्री नायब सैनी का जोरदार स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अपने उदबोधन में कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में पिछले साढ़े 9 सालों में प्रदेश में अभूतपूर्व विकास हुआ है। यह विकास आगे भी जारी रहेगा। इसके लिए हम सबको लोकसभा ओर विधानसभा में भाजपा को विजयी बनाना है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष योगेंद्र राणा , जगमोहन आनन्द, संजय बठला, सरपंच प्रतिनिधि दीपक कुमार, पूर्व सरपंच बिट्टू, कलामपुरा पूर्व सरपंच बंसी लाल सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

■ रायफार्म गांव काछ्वा में मुख्यमंत्री नायब सैनी का हुआ जोरदार स्वागत

# ड्राइवर ही निकला लूट की वारदात का मास्टरमाइंड

## मोबाइल दुकानदार का अपहरण कर हुई लूट की वारदात का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



लूट की वारदात के गिरफ्तार आरोपी पुलिस टीम के साथ ।

अनाज मंडी कट के पास जीटी रोड पर क्रेटा गाड़ी सवार मोबाइल दुकानदार का अपहरण कर हुई लूट की वारदात को सीआईए वन पुलिस ने सफलता पूर्वक सुलझा लिया है। पुलिस टीन ने वारदात का पर्दाफास करते हुए क्रेटा चला रहे ड्राइवर अमन समेत 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया। ड्राइवर अमन वारदात का मास्टर माइंड निकला। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर महीपाल सिंह ने बताया कि थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में संतलाल कपूर पुत्र जसवंत निवासी विराट नगर ने शिकायत देकर बताया था कि उसकी संजय चौक पर कपूर टेलीकॉम के नाम से मोबाइल की दुकान है। वह अलग अलग कंपनियों के मोबाइल आर्डर कर पानीपत मंगवाता है और फिर उन्हें दिल्ली करोल बाग में दुकानदारों को बेच देते है। 13 अप्रैल को वह ड्राइवर अमन निवासी बलजीत नगर के साथ क्रेटा कार में सवार होकर मोबाइल देने के लिए दिल्ली करोल बांग गया था। वह देर शाम दिल्ली से पानीपत के लिए चले थे। देर शाम करीब 11:30 बजे अनाज मंडी कट के पास पहुचे तो पीछे से पत्थर लगने की आवाज सुनाई दी। ड्राइवर गाड़ी को साइड में लगाकर नीचे उतरा। वह गाड़ी में पिछली सीट पर बैठा रहा। चांबी भी गाड़ी में ही लगी हुई थी। तभी एकदम से दो लड़के गाड़ी के पास आए एक ड्राइवर सीट पर बैठ गया दूसरा पीछे वाली सीट पर उसके पास बैठ गया। उसने पीछे मुड़कर देखा तो काले रंग की बाइप पर बैठा एक लड़का ड्राइवर के साथ हाथापाई कर रहा था। इसके बाद आरोपियों ने गाड़ी को स्टार्ट कर शहर की तरफ भगा दिया। आगे से यू टर्न कर चौटाला रोड की तरफ ले गए। वहा डरा धमका कर उसकी जेब से पैसे निकाल लिया और सुनसान जगह पर उतार कर फरार हो गए। कार में ड्राइवर साइड के नीचे एक थेले में पैसे रखे थे। वह पैदल ट्रांसपोर्टर की दुकान पर पहुंचा । संत लाल की शिकायत पर थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में अभियोग दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी थी।

■ 13 अप्रैल को वारदात को अंजाम दिया था

### दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया

सब इंस्पेक्टर महीपाल सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में सीआईए वन पुलिस टीम ने मामले की सघंन जांच करते हुए ड्राइवर अमन व उसके साथी साहिल निवासी शिव नगर व शोएब उर्फ साधु निवासी विद्यानंद कॉलोनी को बबैल नाका से गिरफ्तार कर पूछताछ की तो तीनों आरोपियों ने विद्यानंद कॉलोनी निवासी अपने साथी अरमान के साथ मिलकर उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। आरोपियों को न्यायालय में पेशकर उन्हें 2 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया।

# करनाल में नहर किनारे मिला युवक का शव

## शरीर पर चोट के निशान मिलने पर परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



मृतक निखिल का फाइल फोटो।

कैथल रोड स्थित नहर किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव पड़ा मिला। युवक के शरीर पर चोटों के निशान होने के कारण परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। फिलहाल ये पुलिस जांच का विषय है। पुलिस इस मामले में हर पहलू से जांच कर रही है। यमुना विहार निवासी ईश्वर ने बताया कि उसका बेटा निखिल (19) सोमवार शाम को अपनी मां को यह कहकर निकला था कि वह बाहर घूमने जा रहा है और थोड़ी देर तक आ जाएगा, लेकिन रात तक भी वह घर वापस नहीं लौटा। फोन किया तो उसका फोन नहीं मिला। देर रात को निखिल का शव कैथल रोड नहर किनारे के पास से बरामद हुआ। निखिल के पिता ईश्वर ने बताया कि उसके बेटे के पास 1200 डॉलर व 15 हजार रुपए और मोबाइल फोन था, जो गायब है। शरीर पर चोटों के निशान मिले है।

आरोप है कि लूटपाट कर निखिल की हत्या की गई है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी। शव परीक्षण के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

■ मां को कहकर निकला था कि वह बाहर घूमने जा रहा है

■ मामा के पास सैलून पर काम करता था निखिल

### विदेश जाना चाहता था

पिता ईश्वर ने बताया कि निखिल ढांड गांव में अपने मामा के पास सैलून पर काम करता था। कुछ ही दिनों में वह अमेरिका अपने चाचा के पास जाने वाला था। जिसकी वह तैयारी कर रहा था। 14 अप्रैल को वह दिल्ली जाकर आया था, लेकिन किसी को क्या पता था कि उसके साथ यह घटना घट जाएगी।

### मामले की हर पहलू से जांच की जा रही

थाना प्रभारी प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही खुलासा हो पाएगा। मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

# कनाड़ा भेजने के नाम पर युवती से ठगे साढ़े 15 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

कनाडा भेजने के नाम पर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी उर्वशी ने 15 लाख 50 हजार रुपये ठग लिए गए। आरोप दिल्ली निवासी सुखप्रीत सिंह पर लगा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

■ पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सेक्टर 17 की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी उर्वशी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह नोयडा की एमएनसी कंपनी में नौकरी करती है। कंपनी के काम से वह दूसरे देशों में आती जाती रहती है। दूसरे देश जाने के लिए कंपनी द्वारा उसकी टिकेट दिल्ली के टिकट एजेंट राहुल से करवाई जाती है। जनवरी 2022 में वह राहुल से मिली। तब आरोपी राहुल ने उसे सलाह दी कि उसका दूसरे देशों में आना जाना लगा रहता है। इसलिए वह किसी अच्छे देश में अपना काम शुरू कर ले। तब राहुल ने उसे कहा कि उसका जानकार दिल्ली निवासी सुखप्रीत सिंह लोगों को विदेश भेजने का काम करता है। उसका नई दिल्ली में राजेंद्रा पैलेस के छह फ्लोर पर एजूकेशन ब्रिज इमीग्रेशन के नाम से कार्यालय बनाया हुआ है। 18 मार्च 2022 को वह राहुल के साथ आरोपी सुखप्रीत से मिली।

### आरोपी ने अलग अलग कर रुपये लिए

आरोपी ने उसे वर्क वीजा पर कनेडा भेजने का आश्वासन दिया। इसके लिए आरोपी ने 20 लाख रुपये का खर्च बताया। इसके बाद आरोपी ने अलग अलग कर उससे 15 लाख 50 हजार रुपये ले लिए। मगर बाद में आरोपी ने उसे कनाड़ा नहीं भेजा। जब उसने आरोपी से बातचीत की तो आरोपी ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। जब उसने आरोपी से पैसे वापस मांगे तो उसने पैसे देने से मना कर दिया। उसने इसकी शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# पॉलिसी के पैसे भेजने के नाम पर युवती से की ठगी

## पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

साइबर ठग ने पॉलिसी के पैसे भेजने के नाम पर आजाद नगर कॉलोनी निवासी प्रतिभा कुमारी से 70 हजार रुपये ठग लिए। आरोपी ने युवती के व्हाट्सएप पर 10 हजार रुपये व 50 हजार रुपये उसके अकाउंट में डालने के दो स्क्रीन शॉट भेजे। आरोपी ने युवती को उसके अकाउंट में गलती से पैसे डलने की बात कही और पैसे वापस उसके अकाउंट में डालने के लिए कहा। पुलिस ने युवती की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रतिभा कुमारी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पांच अक्तूबर 2023 को उसके पास एक व्यक्ति का फोन आया। आरोपी ने उसे कहा कि वह एलआईसी से बात कर रहा है। उसके पिता की पॉलिसी के पैसे आने है। वह आपके अकाउंट में ऑनलाइन पेमेंट डाल रहा है। इसके बाद आरोपी ने उसके व्हाट्सएप पर पहले 10 हजार रुपये व बाद में 50 हजार रुपये भेजने के दो स्क्रीनशॉट भेजे।

### ऐसे लगाया चूना

बाद में आरोपी ने उसे कहा कि उसने पांच हजार रुपेये भेजने थे मगर गलती से उसने 50 हजार भेज दिए हैं। वह पैसे उसे वापस भेज दे। इस दौरान आरोपी ने उसे बातों में उलझा कर उससे 70 हजार अपने अकाउंट में डलवा लिए। जब उसे आरोपी पर शक हुआ तो उसने अपना अकाउंट चैक किया। जांच के दौरान उसे पता चला कि आरोपी ने उसके अकाउंट में पैसे नहीं डाले थे। आरोपी ने धोखे से उससे पैसे डलवाए हैं। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**जनसभा**

**कार्यकर्ता लोगों से मोदी की गारंटी के नाम पर और काम पर वोट मांगें**

# भाजपा प्रदेश की सभी 10 लोकसभा सीटों पर रिकॉर्ड तोड़ मतों से जीत दर्ज करेगी : मनोहर

## मनोहर लाल ने कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देते हुए जोश भरा

हरिभूमि न्यूज असन्ध




सालवन रोड स्थित जीएस फार्म में असंध कलस्टर की जनसभा में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल का मंच पर स्वागत करते।

पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के करनाल लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटें भाजपा की झोली में डालने के लिए कार्यकर्ता जी जान से जुटे । कार्यकर्ता लोगों से मोदी की गारंटी के नाम पर और काम पर वोट मांगें। वे आज सालवन रोड स्थित जीएस फार्म में असंध कलस्टर की जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे । पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा , पूर्व विधायक बख्शीश सिंह विर्क व जिले राम शर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मंच का संचालन चुनाव सह प्रभारी गुरु बख्शीश सिंह लाडी ने किया। मनोहर लाल ने कहा कि भाजपा प्रदेश की सभी दस लोकसभा सीटें रिकॉर्ड तोड़ मतों से जीत दर्ज करेगी। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देते हुए जोश भरा और कहा कि सभी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को जनकल्याण के कार्यों को गिनवाते हुए मोदी के 400 पार के संकल्प को पूरा करेंगें। जनसभा में पूर्व विधायक बख्शीश सिंह विर्क के नेतृत्व में विभिन्न गांवों के सरपंचों , पूर्व सरपंचों ,शहर के पार्षदों व पूर्व पार्षदों ने भाग लिया। भाजपा जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल को संत पुरुष और त्यागी बताया।

### ये रहे मौजूद

घरौंडा विधायक हरविंदर कल्याण ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा किए गए जनकल्याणकारी कार्यों की बढ़ौलत जनता तीसरी बार भाजपा को सत्ता में सौंपने का मन बना चुकी है।प्रदेश प्रवक्ता डॉ वीरेन्द्र चौहान, हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष भूपेन्द सिंह असंध, गुलाब मूनक ,सुमित नरवाल , सज्जन अत्री व बृजमोहन टक्कर ने भी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। इस अवसर चुनाव प्रभारी यशपाल ठाकुर,जिला मीडिया कोआर्डिनेटर डॉ मिनाक्षी शर्मा ,जगदेव पाढ़ा ,प्रदीप गोयल , सुनीता अरडाना, डॉ बूटी राम , पूर्व सरपंच रोशन लाल चोचड़ा ,सुदामा चोचड़ा ,नपा चेयरमैन सतीश कटारिया, वाईस चेयरमैन राजेंद्र ढीगड़ा, पार्षद शक्ति भट्ट, ऋषि मूंडे , राजेंद्र भट्ट,पार्षद प्रतिनिधि जगदीश गर्ग , नरेंद्र छीन्ना ,हरीश शर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# साइबर ठग ने पति का दोस्त बनकर महिला से ठगे साढ़े 98 हजार रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ किया केस दर्ज

साइबर ठग ने उषा वाली गली जगाधरी निवासी ज्योति शर्मा से साढ़े 98 हजार रुपये ठग लिए। आरोपी ने ज्योति को उसके पति का दोस्त बनकर बातों में उलझा लिया और उससे अलग-अलग करके साढ़े 98 हजार रुपये अपने अकाउंट में ट्रांसफर करवा लिए। पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ज्योति शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पति मेहनत मजदूरी का काम करते हैं। गत 25 फरवरी को उसके मोबाइल पर एक व्यक्ति का फोन आया। आरोपी ने उसे कहा कि वह उसके पति का दोस्त बोल रहा है। उसने उसके पति के 10 हजार रुपये देने हैं। उसके पति का गुगल पे अकाउंट नहीं चल रहा है। इसलिए उसके पति ने आपका फोन नंबर देकर 10 हजार रुपये ट्रांसफर करने को कहा है। इसके बाद आरोपी ने उसे कहा कि उसने उसके अकाउंट में पैसे ट्रांसफर कर दिए हैं और उसका मैसेज चैक कर लो। उसने फोन करते करते आरोपी को पैसे आने का मैसेज बता दिया। इसके बाद आरोपी ने उसके पास 20 हजार रुपये भेजने का मैसेज भेजा। आरोपी ने उसे कहा कि 20 हजार रुपये उसके पास से गलती से सेंड हो गए हैं। वह पैसे उसे वापस कर दो।

### बातों में उलझा कर पैसे ऐंठ लिए

जब वह पैसे वापस करने लगी तो ग्रुगल पे से 20 हजार रुपये ट्रांसफर नहीं हो पाए। उसने आरोपी को कहा कि पैसे ट्रांसफर नहीं हो रहे हैं तो आरोपी ने थोड़े थोड़े पैसे ट्रांसफर करने को कहा। इस प्रकार आरोपी ने उसे बातों में उलझा कर उसके पासे से अलग-अलग करके साढ़े 98 हजार रुपये ट्रांसफर करवा लिए। जब उसे आरोपी पर शक हुआ तो आरोपी ने फोन काट दिया। इसके बाद आरोपी को फोन नहीं लगा। उसने मामले की सूचना साइबर थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप



### मीरा बाई मार्केट से हटाया अतिक्रमण

**यमुनानगर।** नगर निगम यमुनानगर जगाधरी की टीम ने शहर की सड़कों पर अतिक्रमण हटाओं अभियान चलाया हुआ है। मंगलवार को निगम की टीम ने शहर के मुख्य बाजार मीरा बाई मार्केट में दुकानदारों द्वारा किया गया अतिक्रमण हटाया गया। निगम की टीम ने दुकानों के आगे रखे सामान को जब्त किया। सीएसआई सुनील दत्त ने कहा कि शहर की सड़कों पर कुछ दुकानदारों व स्ट्रीट वेंडर्स ने सामान रखकर अतिक्रमण किया हुआ है। इससे सड़कों पर जाम लगता है और आमजन को परेशानी होती है। सड़कों पर जाम लगने से कई बार आपातकालीन सेवाएं जैसे एंबुलेंस व फायर ब्रिगेड की सेवाएं प्रभावित होती हैं।

### दो घरों से नकदी समेत हजारों का सामान चोरी

**यमुनानगर।** जिले में चोरों ने दो घरों को निशाना बनाकर 17 हजार रुपये की नकदी समेत हजारों रुपये का सामान व जेवर चोरी कर लिए। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### मेघा जॉब फेयर में 150 विद्यार्थियों ने दिया साक्षात्कार

**रादौर।** ग्लोबल रिसर्च ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में मंगलवार को मेघा जॉब फेयर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्लोबल शिक्षण संस्थान समेत विभिन्न शिक्षण संस्थानों के बी. फॉर्मेसी, बी.टेक, बीबीए व बीसीए के 150 विद्यार्थियों ने साक्षात्कार दिया। जिनमें से कितने विद्यार्थी चयनित किए गए, उनका परिणाम बाद में घोषित किया जाएगा। मेगा जॉब फेयर में जिकित्जा हेल्थकेयर लिमिटेड, लेम्बिक फॉर्मा लिमिटेड, बायोफील्ड फॉर्मा प्राइवेट लिमिटेड, सेनिफाई हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड, एमआईटीएस फार्मा, वाई हिल्स, कोर्जियो, एक्सियम्स कंसल्टिंग व होपिंग माइंड्स आदि कंपनियों के प्रतिनिधियों ने पहुंचकर साक्षात्कार लिया।

### मंदिरों में श्रद्धालुओं ने की आठवें स्वरुप महागौरी की पूजा अर्चना

# मां के महागौरी स्वरूप की पूजा अर्चना कर व कंजक पूजन कर श्रद्धालुओं ने खोला उपवास

### चैत्र नवरात्र के अष्टमी पर्व पर घर घर हुआ कंजकों का पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

चैत्र नवरात्र की अष्टमी पर मंगलवार को श्रद्धालओं ने मां के आठवें स्वरूप महागौरी की पूजा अर्चना की और कन्याओं का पूजन कर उपवास खोला। इस दौरान भक्तों ने कंजकों को भोजन करवाया और उन्हें दान स्वरूप उपहार भेंट किए। वहीं, दुर्गा अष्टमी पर्व पर भी मां के मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ रही।

मंगलवार सुबह होते ही जिले भर में घर-घर में कंजकों का पूजन करना शुरु हो गया था। सुबह के वक्त मां के श्रद्धालुओं ने अपने घरों में कंजकों का पहले पूजन किया और फिर उन्हें भोजन करवाकर व फल आदि भेंट कर आर्शीवाद लिया। पंडित लक्ष्मण शास्त्री के मुताबिक अष्टमी में ही कंजक पूजा शुभ मानी जाती है। इसलिए अधिकांश भक्तों ने सुबह ही कन्याओं को भोजन खिलाकर व्रत खोला।

मां के भक्त संजय कुमार, गौतम, सुधीर, विकास, अश्वनी, मनीष मलिक, योगेश, प्रमोद, रविंद्र मेहता, बंटी, सुरेश व अमित आदि ने बताया कि वह हर वर्ष घर में सुख समृद्धि के लिए मां के व्रत रखते हैं। इस वर्ष भी उन्होंने मां के नवरात्रों में व्रत रखकर विशेष पूजा अर्चना की।

उन्होंने कहा कि मां के व्रत रखने के बाद अष्टमी के दिन कंजकों को भोजन खिलाने व दान स्वरूप उपहार भेंट करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है।



**यमुनानगर।** दुर्गा अष्टमी पर्व पर कंजकों का पूजन करते मां के भक्त।

#### मंदिरों में रही श्रद्धालुओं की भीड़

दुर्गा अष्टमी पर्व पर अधिकांश मां के भक्त ऐसे भी थे जिन्होंने माता के दरबार में जाकर कंजकों को भोजन करवाने व माता के दर्शन करने के बाद ही अपना उपवास खोला। इस दौरान शहर के प्राचीन श्री देवी मंदिर व त्रिलोकपुर स्थित मां बाला सुंदरी के मंदिरों में शाम तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। कई स्थानों पर भजन कीर्तन का आयोजन कर श्रद्धालुओं ने मां का गुणगान किया। खास बात यह रही कि इस दौरान कंजकों की कमी भी साफ तौर पर दिखाई दी। कंजक पूजन के लिए लोग घंटो तक गलियों में इंतजार करते देखे गए।



**यमुनानगर।** मंदिरों में दर्शनार्थ के लिए लाइनों में लगे श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*

#### मां के आठवें स्वरुप महागौरी की श्रद्धालुओं ने की पूजा

मंहत यमुनागिरी शास्त्री ने बताया कि आदिशक्ति मां दुर्गा का अष्टम रूप श्री महागौरी हैं। नवरात्रि के आठवें दिन इनकी उपासना की जाती है। इनकी उपासना से मनुष्य के सभी पाप धुल जाते हैं। उपासक सभी प्रकार से पवित्र और अक्षय पूण्यों का अधिकारी हो जाता है। उसके पूर्व संचित पाप नष्ट हो जाते हैं।

## मेहरमाजरा का बसंत यूपीएससी में चमका, देश में 47वां रैंक पाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर के गांव मेहरमाजरा के बसंत का फाइल फोटो।

- पहली बार अच्छा रैंक नहीं आया तो बसंत ने दोबारा परीक्षा दी

यमुनानगर जिले के गांव मेहरमाजरा निवासी बलविंद्र सिंह के पुत्र बसंत सिंह ने यूपीएससी की परीक्षा उतीर्ण की है। बसंत ने देशभर में 47वां रैंक पाया है, जबकि ओबीसी श्रेणी में दूसरा स्थान पाया है। बसंत का पैतृक जगाधरी का गांव मेहरमाजरा है। जबकि वे अभी माता पिता के साथ दिल्ली में रहते हैं। गांव के छोरे की सफलता से ग्रामीणों में भारी खुशी व उत्साह है। बसंत सिंह के पिता बलविंद्र सिंह खादी ग्राम उद्योग में अधिकारी रह चुके हैं। जबकि उनकी मां रेखा रानी गृहिणी हैं। बसंत की 12वीं तक की पढ़ाई चंडीगढ़ के केंद्रीय विद्यालय से की। 12वीं के बाद बसंत ने आईआईटी दिल्ली से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग पूरी की। इसके बाद आईआईटी दिल्ली से इंफोर्मेशन टेक्नॉलिजी में एमटैक की। वे लोक सेवा में जाना चाहते थे। जिसके लिए उन्होंने परीक्षा दी और पहली बार उनका रैंक 300 के करीब आया। जिससे वे संतुष्ट न थे। इस दौरान उनका 2021 में इंडियन डिफेंस अकाउंट्स सर्विस में चयन हुआ। यह सिविल सर्विस की एलाइड सर्विस होती है। जहां अभी उनकी ट्रेनिंग चल रही है। इसके बाद बसंत ने दोबारा परीक्षा दी। जिसमें उन्होंने ऑल ओवर इंडिया 47वां रैंक प्राप्त किया और ओबीसी श्रेणी में दूसरा स्थान पाया। गांव के छोरे की सफलता से ग्रामीणों में भारी खुशी व उत्साह है। गांव में रह रहे रिश्तेदारों के घर लोग बधाई देने पहुंच रहे हैं। बसंत की 12वीं तक की पढ़ाई चंडीगढ़ के केंद्रीय विद्यालय में हुई। उनकी बहन वैशाली सिंह प्रदेश में एचसीएस अधिकारी हैं और आबकारी एवं कराधान विभाग में सेवाएं दे रही हैं। 12वीं के बाद उन्होंने आईआईटी दिल्ली में दाखिला लिया और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग पूरी की। पहली बार अच्छा रैंक नहीं आया तो बसंत ने दोबारा परीक्षा दी। बेटे की सफलता से पिता बलवद्रिं सिंह, मां रेखा, बहन शालिनी सिंह बेहद खुश हैं। जिले से बलविंद्र सिंह को बधाई के सैकड़ों फोन आ रहे हैं।

# निशिता ने जीती भाषण प्रतियोगिता

- मुकंदलाल नेशनल कॉलेज यमुनानगर में नशे की लत जागरुकता एवं रोकथाम विषय पर आयोजित हुई भाषण प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

मुकंद लाल नेशनल कॉलेज यमुनानगर में मंगलवार को एंटी ड्रग अवेयरनेस सेल, एनएसएस और एंटी तंबाकू सेल के संयुक्त तत्वावधान में विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसा शीर्षक नशे की लत जागरुकता एवं रोकथाम और रोकथाम विषय रहा। प्रतियोगिता का शुभारंभ कॉलेज की प्राचार्या डॉ. ऋतु कुमार ने किया। जबकि अध्यक्षता एंटी तंबाकू सेल के नोडल अधिकारी डॉ. महेश कुमार ने की। मौके पर विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार का नशा नहीं करने के लिए शपथ दिलवाई। प्रतियोगिता में बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा निशिता चौधरी ने प्रथम,बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र परवीन ने द्वितीय स्थान हासिल किया। जबकि बी. कॉम प्रथम वर्ष के छात्र ने तृतीय स्थान हासिल किया। मौके पर विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के रैडक्रास प्रभीरी डॉ. राहुल सिंह ने विद्यार्थियों को निरोग व स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति को न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक, आर्थिक एवं सामाजिक रूप से भी कमजोर बनाता है। कॉलेज प्राचार्या डॉ. ऋतु कुमार ने विजेताओं को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।




**यमुनानगर।** मुकंदलाल नेशनल कॉलेज में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित करते स्टॉफ सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

# विद्यार्थी संकल्प के साथ करें लक्ष्य को प्राप्त : मिश्रा

- राजकीय महाविद्यालय छछरौली में हुआ प्रथम वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन
- 326 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व नकद पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

राजकीय महाविद्यालय छछरौली में मंगलवार को प्रथम वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस डॉ. आरसी मिश्रा उपस्थित हुए। समारोह में कॉलेज के 326 विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र व नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि ने दीप प्रज्वलित करके समारोह का शुभारंभ किया। इस दौरान कॉलेज के ि विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसको सभी ने सराहा। महाविद्यालय के प्राचार्य देवेंद्र सिंह लांबा ने कॉलेज की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों ने तमाम क्षेत्रों में शानदार उपलब्धियां हासिल कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। इस दौरान मुख्यातिथि ने विधार्थियों को लक्ष्य निर्धारित करने का आह्वान किया। उन्होंने बल देकर कहा कि यदि दृढ़ संकल्प के साथ लक्ष्य को प्राप्त करने के प्रयास किए जाए तो विश्व की कोई भी ताकत लक्ष्य प्राप्ति में बाधक नहीं हो सकती। उन्होंने संस्कार, सदाचार, भाईचारा, सेवाभाव, आत्मचिंतन जैसे मानवीय गुणों पर अपने विचार सांझा किए। उन्होंने कहा कि राजकीय महाविद्यालय छछरौली के विधार्थी शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद एवं अन्य क्षेत्रों में जिला एवं राज्य स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा इन उपलब्धियों के लिए महाविद्यालय प्रबंधक समिति, प्राचार्य व सभी स्टाफ सदस्यों को बधाई दी। मौके पर प्रो. डॉ संजीव कुमार, प्रो. प्रतिभा, डॉ. रुचिका वधवा ने मंच संचालन किया।



**यमुनानगर।** राजकीय महाविद्यालय छछरौली में आयोजित समारोह में विद्यार्थियों को सम्मानित करते मुख्यातिथि। *फोटो : हरिभूमि*

#### छात्रा अफसाना को कॉलेज रोल से किया गया सम्मानित

समारोह में एमए की छात्रा अफसाना को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर कालेज रोल से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही ईशु, सलोनी, तजिंदर शर्मा और शाहिना को कॉलेज कलर से सम्मानित किया गया। दिलीप, श्रेया, सलोनी, पलक, बालमुकुंद, नरगिस, नम्रता और खुशी को रोल ऑफ आनर से सम्मानित किया गया।

# संतोषी माता मंदिर में हवन और भंडारे का आयोजन

- भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद किया ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

रादौर के कॉलेज रोड पर स्थित संतोषी माता मंदिर में मंगलवार को दुर्गाष्टमी पर्व के अवसर पर हवन यज्ञ व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। हवन यज्ञ में गणमान्य ने आहुतियां अर्पित कर जनकल्याण और सुख शांति की कामना की। मौके पर कन्या पूजन भी किया गया। पंडित राजेश शर्मा, राकेश शर्मा व रमेश शर्मा ने बताया कि दुर्गा अष्टमी पर भंडारे का आयोजन उनके पिता स्वर्गीय धर्मवीर शर्मा ने 1990 में करवाया था। माता रानी की असीम कृपा से 34 वर्षोंर् से उनके परिवार के सहयोग से वर्ष में दो बार दुर्गाष्टमी पर श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। यह आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि आसपास के लोग माता रानी के कायारें् में पूरा सहयोग करते हैं।



**यमुनानगर।** रादौर स्थित संतोषी माता के मंदिर में आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हुए श्रद्धालु।

# अनाज मंडियों में गेहूं की आवक ने पकड़ी रफ्तार

- जिला की अनाज मंडियों में खरीदी अब तक 46153 मीट्रिक टन गेहूं
- उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने संबंधित अधिकारियों को दिए गेहूं की खरीद सुचारू रुप से किए जाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिले में गेहूं की कटाई जोरों पर होने से अनाज मंडियों में गेहूं की आवक ने रफ्तार पकड़ ली है। जिला की सभी तेरह अनाज मंडियों में आज शाम तक कुल 46153 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है जिसमें जिसमें से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 18095 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 22545 मीट्रिक टन व हरियाणा वेयर हाउस कॉपारेेशन द्वारा 5513 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है।



**यमुनानगर।** अनाज मंडी में पहुंची गेहूं को समेटते हुए मजदूर। *फोटो : हरिभूमि*

#### तेरह अनाज मंडियों में खरीदी गई गेहूं

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि चालू रबी सीजन में अब तक जिला की बिलासपुर अनाज मंडी में 6933 मीट्रिक टन गेहूं, छछरौली मंडी में 3262 मीट्रिक टन, गुमथला राव मंडी में 1082 मीट्रिक टन,जगाधरी मंडी में 7009 मीट्रिक टन,जठलाना अनाज मंडी में 614 मीट्रिक टन,खारवन मंडी में 682 मीट्रिक टन,प्रताप नगर मंडी में 1955 मीट्रिक टन, सरस्वती नगर में 11514 मीट्रिक टन,रादौर में 7605 मीट्रिक टन,रणजीतपुर में 1756 मीट्रिक टन,रसूलपुर मंडी में 1227 मीट्रिक टन,साढ़ौरा मंडी में 2463 मीट्रिक टन व यमुनानगर मंडी में 51 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है। जिसकी खरीद विभिन्न सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा की जा चुकी है।

#### सूचारु रुप से करें गेहूं की खरीद

जिला उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने गेहूं खरीद कार्य में लगे अधिकारियों को गेहूं की खरीद सुचारु रुप से किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अनाज मंडियों में सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। ताकि गेहूं खरीद के दौरान अनाज मंडियों में किसान, आढ़ती व मजदूरों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े।

# हर वार्ड में लगेंगे संपत्ति सत्यापित शिविरः सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर के संपत्ति स्तायपित शिविर में लगे कर्मचारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक निगम कर्मचारियों को हर वार्ड में शिविर लगाकर संपत्ति सत्यापित करने के निर्देश दिए। बैठक का आयोजन निगमायुक्त आयुष सिन्हा के मार्ग दर्शन में किया गया। निगमायुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि अब तक नगर निगम क्षेत्र की 210757 में से 50679 संपत्तियां सत्यापित की जा चुकी हैं। 24.05 प्रतिशत संपत्तियां सत्यापित करने में नगर निगम यमुनानगर जगाधरी हरियाणा में पहले स्थान पर है। शत प्रतिशत संपत्तियां सत्यापित करने के लिए नगर निगम ने हर वार्ड में शिविर लगाने का निर्णय लिया है। 18 अप्रैल को नगर निगम के वार्ड नंबर चार की सिंघल धर्मशाला बुड़िया और वार्ड नंबर 11 में शीतल गिरी स्कूल चिट्टा मंदिर में संपत्ति सत्यापित करने के लिए शिविर लगाया जाएगा। 19 अप्रैल को वार्ड पांच के रामलीला भवन जगाधरी और वार्ड 12 में सरकारी स्कूल बाड़ी माजरा शिविर लगाए जाएंगे।



निगमायुक्त आयुष सिन्हा।

### मतदाता सूची में नाम दर्ज होने पर ही किया जा सकेगा मताधिकार का प्रयोग

# पात्र व्यक्ति 26 अप्रैल तक बनवा सकते वोटः कैप्टन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

लोकतंत्र की अहम कड़ी मतदाता हैं। इसलिए पात्र व्यक्ति 26 अप्रैल तक अपना वोट बनवा सकते हैं। उक्त जानकारी मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी। जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि अभी तक भी यदि किसी नागरिक का वोटर कार्ड नहीं बना है तो वे तुरंत अपना वोटर कार्ड बनवा लें। ताकि चुनावों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि नागरिक 26 अप्रैल तक अपना वोट बनवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि पात्र व्यक्ति संबंधित बी.एल.ओ निर्वाचन पंजीयन अधिकारी, सहायक निर्वाचन पंजीयन अधिकारी के पास फॉर्म 6 भरकर वोट बनवा सकते हैं। यह फॉर्म मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय विभाग की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।



**यमुनानगर।** वोट बनवाए के लिए निर्धारित तिथि की जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार।

#### एपिक कार्ड के अलावा अन्य दस्तावेज दिखाकर भी डाल सकते हैं वोट

जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि एपिक कार्ड के अलावा मतदाता भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्दिष्ट अन्य वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों का उपयोग करके भी वोट डाल सकते हैं। इन दस्तावेजों में पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, केंद्रीय, राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रमों या सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, श्रम मंत्रालय द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, सांसदों, विधायकों व एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और आधार कार्ड शामिल हैं।

#### मतदाता वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर भी अपना वोट डाल सकता

जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। इसके लिए प्रत्येक मतदाता यह अवश्य सुनिश्चित कर लें कि उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो। जिस मतदाता का नाम मतदाता सूची में है। केवल वही मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में है। लेकिन उसके पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो वह निर्वाचन आयोग द्वारा निर्दिष्ट अन्य वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर भी अपना वोट डाल सकता है। उन्होंने कहा कि यदि मतदाता के पास पुराना एपिक कार्ड है तो भी वह वोट डाल सकता है। बशर्ते कि उसका नाम उस क्षेत्र की मतदाता सूची में होना चाहिए।

# महंगाई से त्रस्त हो रही जनताः चौटाला

- इनेलो के वरिष्ठ नेता चौधरी अर्जुन चौटाला ने रादौर क्षेत्र के दर्जनों गांव में किया जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

इनेलो के वरिष्ठ नेता चौधरी अर्जुन चौटाला ने मंगलवार को रादौर क्षेत्र के दर्जन भर गांव में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार की जनविरोधी नितियों से अवगत करवाया। इस दौरान ग्रामीणों मे अर्जुन चौटाला ने जगह जगह स्वागत किया। चौधरी अर्जुन चौटाला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार ने महंगाई, डीजल, पेट्रोल, गैस सिलेंडर, बेरोजगारों को रोजगार देने आदि कई वादे किए थे। मगर इस भाजपा सरकार ने किसी भी वादे को पूरा नहीं किया। आज देश भर में सभी वस्तुओं के दाम आसमान छू रहे हैं। जिस पर भाजपा का कोई नेता बोलने को तैयार नहीं है। भाजपा ने जनता को कागजों में उलझाने का काम किया है। आज भाजपा की सभी योजनाएं अडानी व अंबानी के इशारे पर बन रही हैं। डेढ लाख से अधिक नौजवान परीक्षा में पास होने के बावजूद आजतक उनको ग्रुप सी व डी की नौकरी नहीं दी गई। चौटाला ने गांव रादौर, रपड़ी, फतेहगढ़, ठसका, पोटली, नाचरौन, संधाली व एमटी करहेडा में जनसंपर्क किया। है। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्याम सिंह राणा, नेपाल राणा, सुभाष खुर्दबन, राजेश कश्यप, घनश्याम सैनी, जरनैल सिंह पोटली व दलबीर सिंह आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** रादौर में जनसंपर्क अभियान के तहत ग्रामीणों को संबोधित करते चौधरी अर्जुन चौटाला। *फोटो : हरिभूमि*

## खबर संक्षेप

### स्वर्ण प्राशन से बच्चे कम पड़ते हैं बीमार : डॉ. शंभू

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के कौमारभृत्य विभाग द्वारा मंगलवार को मासिक निशुल्क स्वर्ण प्राशन शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 250 से अधिक बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया गया। कौमारभृत्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. शंभू दयाल शर्मा ने स्वर्ण प्राशन से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी।

### मुख्यमंत्री ने रजनीश के निधन पर जताय शोक

**कुरुक्षेत्र।** मुख्यमंत्री नायब सिंह ने सहायक सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी बलराम शर्मा के पिता रजनीश कुमार शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह एआईपीआरओ बलराम शर्मा के सेक्टर-7 करनाल स्थित आवास पर पहुंचे। उन्होंने एआईपीआरओ बलराम शर्मा, उनकी माता सहित अन्य परिजनों के साथ दुख साझा किया।

### कुलपति ने पुस्तक का किया विमोचन

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कुवि के विधि विभाग के प्रोफेसर डॉ. सी.आर.जिलोवा और डॉ. बीआर अम्बेडकर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, सोनीपत के डॉ. निशांत जिलोवा द्वारा लिखित पुस्तक भारत में कानून, सामाजिक परिवर्तन और न्यायिक प्रक्रिया का विमोचन किया। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि यह पुस्तक एलएलएम के विद्यार्थियों के लिए बहुत उपयोगी रहेगी।

### बिना भाव पूजा से प्रसन्न नहीं होते भगवान

**लाडवा।** बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम में चल रही नौ दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत कथा के सातवें दिन भी लाडवा व आसपास के श्रद्धालुओं की भीड़ कथा श्रवण करने उमड़ी। कथा व्यास आचार्य रजनीश ने कहा कि प्रभु केवल भाव से रिझते हैं। बिना भाव से की गई पूजा भगवान को प्रसन्न नहीं कर सकती।

### गीता निकेतन विद्या मंदिर में रामनवमी का आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** गीता निकेतन विद्या मंदिर विद्यालय में रामनवमी के उपलक्ष में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय में विवेकानंद सदन द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य सुमित कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान राम हमारे आदर्श हैं। उनका संपूर्ण जीवन हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत है ।

### भक्तिभाव से जीवन होता कल्याणकारी: शास्त्री

**थानेसर।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर श्रीगौ गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के तत्वाधान में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का आयोजन सैक्टर-8 हाउसिंग बोर्ड के पार्क में कथा के प्रथम दिवस में समिति के संस्थापक अध्यक्ष व प्रसिद्ध कथा वाचक भागवत प्रवक्ता अनिल कुमार शास्त्री वेदाचार्य ने बताया कि मानव जीवन प्राप्त करना अत्यंत ही दुर्लभ है मानव योनि प्राप्त करने के लिए जीव भगवान से कोटि-कोटि प्रार्थना किया।

---

### कंजक को विदा करते समय विभिन्न प्रकार के उपहार भी दिए

# दुर्गाअष्टमी पर घर-घर कंजक पूजन श्रद्धालुओं ने मंदिरों में माथा टेका

आठ दिन से उपवास रख मां दुर्गा की पूजा अर्चना करने वाले साधकों को कन्या पूजन के लिए कन्याओं को ढूंढने में करनी पड़ी मशक्कत।


**कुरुक्षेत्र।** कंजकों को हलवा, पूरी का भोग लगाते श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

पावन नवरात्रि का पर्व मगलवार को कन्या पूजन के साथ संपन्न हो गया। पिछले आठ दिन से उपवास रख मां दुर्गा के पावन चरणों में पूजा अर्चना करने वाले साधकों को कन्या पूजन के लिए कन्याओं को ढूंढने में भारी मशक्कत का सामना करना पड़ा तथा एक-एक कंजक को कई-कई जगह मां दुर्गा का रूप धारण कर प्रसाद ग्रहण करना पड़ा। प्राचीन काल से मान्यता चल रही है कि जो साधक नवरात्र का व्रत कर अष्टमी के दिन कन्याओं की पूजा कर उन्हें श्रद्धा पूर्वक भोजन करवाते हैं, उन पर मां भगवती अपना पूर्ण हाथ रखती है व उनकी पूजा अर्चना उपवास को सफल बनाती है। कन्या पूजन के लिए हर नवरात्र के अवसर पर कन्याओं को ढूंढते साधकों को देखा जाता है। बता दें कि मां दुर्गा के आठवें स्वरूप की पूजा के साथ कंजक पूजन से मां दुर्गा को प्रसन्न किया जाता है। भक्तों ने हलवा, पूरी, चने व अन्य पकवान बनाकर कंजक को भोग लगाया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कंजक को विदा करते समय विभिन्न प्रकार के उपहार भी दिए गए। दुर्गाष्टमी पर जिलेभर में सभी मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन व आरती कर मन्नतें मांगी।

शहर के भद्रकाली मंदिर सहित प्रमुख मंदिरों में मंगलवार सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लग गया। श्रद्धालु पंकज, राजेश व निर्मल ने बताया कि चैत्र माह में नवरात्र पर भक्त व्रत करते हैं। इन दिनों मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है। पंडित अरूण मिश्र ने बताया कि नवरात्र में श्रद्धापूर्वक दान, व्रत करने से मां की विशेष कृपा होती है

### कन्या भोज के बिना नवरात्र अनुष्ठान नहीं होता पूरा: बंसी




**पिहोवा।** सनातन धर्म में शक्ति की आराधना का पर्व नवरात्रि बेहद शुभ माना गया है। नवरात्रि के नौ दिन व्रत रखने के साथ-साथ कन्या पूजन भी किया जाता है। मान्यतानुसार अष्टमी व नवमी के दिन माता की पूजा के साथ कन्या पूजन का भी विधान है। गोविंदानंद आश्रम में चल रहे नवरात्र महोत्सव कार्यक्रम में श्रद्धालुओं पर प्रवचनों की अमृत वर्षा करते हुए साधु समाज के प्रदेश अध्यक्ष महंत बंसी पुरी महाराज ने कहा कि कन्या भोज के बिना नवरात्र अनुष्ठान पूरा नहीं होता। माता रानी को जितनी प्रसन्नता कन्या भोज से मिलती है, उतनी प्रसन्नता हवन एवं दान से नहीं मिलती। इसलिए कन्या पूजन करके मां भगवती की कृपा सहज ही प्राप्त की जा सकती है।

### 1008 कन्याओं का पूजन कर मनाया दुर्गा महाष्टमी पर्व



**कुरुक्षेत्र।** गांव शांति नगर कुरडी में श्रीमद् भगवती महामाया मां बाला सुंदरी मंदिर में महाष्टमी महापर्व 1008 कन्याओं का पूजन कर धूमधाम से मनाया गया। मंदिर के प्रधान एडवोकेट जय नारायण दीक्षित ने कहा कि प्रति नवरात्रों में मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगता है और मंदिर में महायज्ञ कर पूणार्हुति श्रीश्री 1008 सदगुरुदेव स्वामी संतोष ओंकार एवं स्वामी शक्ति देव द्वारा डाली गई। मां को भोग लगाकर मां के स्वरूप कन्याओं का पूजन किया जाता है और सुबह 4 बजे से ही मां के मंदिर में लंबी लाइनें लग जाती हैं। प्रति नवरात्रे मंदिर प्रांगण में मेले का आयोजन किया जाता है जिससे आने जाने वाले श्रद्धालु मेले का आनंद लेकर मां का आशीर्वाद ग्रहण करते हैं। मंदिर को विद्युतचलित लड़ियों से सजाकर मां को सुंदर वस्त्रों से सुसज्जित कर भोग लगाया जाता है। महाअष्टमी पर हर वर्ष नवविवाहित युगल जोड़े व माता पिता अपने बच्चों का मुंडन संस्कार करवा कर अपनी मन्नत पूर्ण करते हैं।

### गीता विद्या मंदिर में धूमधाम से मनाई दुर्गाष्टमी व राम नवमी



**शाहबाद।** गीता विद्या मंदिर में दुर्गा अष्टमी और राम नवमी का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या निशा गोयल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान नर्सरी से दसवीं के बच्चों ने कार्यक्रम में भजन, श्रीराम स्तुति, नृत्य, गीत और एक्ट की प्रस्तुति दी। प्रधानाचार्या निशा गोयल ने सभी को विद्यालय की ओर से दुर्गाष्टमी और राम नवमी की हार्दिक बधाई देते हुए मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि मां दुर्गा के नौ रूप है, जो शक्ति व साहस का प्रतीक है। कार्यक्रम में आचार्या परिवार और बच्चे मौजूद रहे।

---

### बच्चों की मौत पर जताया शोक

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा पिछड़ा वर्ग महासभा के अध्यक्ष रामकुमार रंबा व कार्यकारिणी ने बीते दिनों महेंद्रगढ़ कनीना में बस हादसे में 6 बच्चों की मौत पर शोक जताया। रंबा ने कहा कि इस दुर्घटना में कुछ बच्चे घायल हो गए थे उनके शीघ्र स्वास्थ्य होने की भगवान से कामना की। उन्होंने यह दुर्घटना बड़ी ही दुखदायी घटना है। रामकुमार रंबा ने सरकार से मांग की है कि इस हादसे में जान गंवाने वाले बच्चों के अभिभावकों को आर्थिक मद्द करें और दोषी को कड़ी से कड़ी कानून के तहत सजा मिले ताकि भविष्य में ऐसी घटना न घटे और दूसरे अन्य स्कूल भी सीख ले सके। छोटे-छोटे बच्चे जो देश का भविष्य है उनकी सुरक्षा करना हमार प्रथम कर्तव्य है।

### अग्नि सुरक्षा के संबंध में मॉक ड्रिल का आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय कन्या महाविद्यालय, पलवल कुरुक्षेत्र में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ गगनदीप कौर के दिशा निर्देशन में यूथ रेड क्रॉस सेल तथा अग्नि सुरक्षा एवं आपातकालीन सेवा, विभाग, हरियाणा के संयुक्त तत्वाधान में अग्नि सुरक्षा के संबंध में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसमें गुरप्रीत सिंह, ट्रेनर, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा विभाग ने छात्राओं एवं स्टाफ के सभी सदस्यों को विभिन्न परिस्थितियों में आग लगने के कारण एवं उससे बचाव के तरीके बताए। गुरप्रीत सिंह ने छात्राओं एवं स्टाफ के सदस्यों को प्रैक्टिकल सेशन से फायर एक्सटिंग्विशर के उपयोग के तरीकों से परिचित कराया।

---

## राहुल गांधी की गारंटी पर जनता को पूरा विश्वास : मधुसूदन बवेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



- किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बवेजा ने किया दावा
- अबकी बार केंद्र में इंडी गठबंधन की सरकार बनेगी

**कुरुक्षेत्र।** किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा।

किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र में एमएसपी, रोजगार, महंगाई, नारी रक्षा, शिक्षा-चिकित्सा पर एक भी शब्द नहीं है जबकि कांग्रेस ने घोषणा पत्र में जनता के हर मुद्दे को अपनी गारंटी में रखा है और सरकार आने पर पूरा करने की राहुल गांधी ने गारंटी ली है। जनता को राहुल गांधी पर पूरा विश्वास है। बवेजा ने कहा कि राहुल गांधी शहीदों के परिवार से है हर दुःख सुख को भली भांति महसूस करते हैं। राहुल गांधी निडर, साहसी, जनता के दुःख को समझने वाला, प्रेम बांटने वाला व देश को आगे लाने वाला नेता हैं। सत्ताधारियों ने कानून को ताक पर रखकर दमनकारी षड्यंत्र रचे। लोकसभा की सदस्यता छीनी, लेकिन देश की जनता ने राहुल गांधी को अपना भाई-बेटा माना और अपना घर बलिदान किया और मोदी सरकार के मंसूबे फेल किए। बवेजा ने कहा कि राहुल गांधी ने पूरे भारत को अपने कदमों से नापा है। जनता का पूरा समर्थन उनके साथ है। अबकी बार इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी।

## रामायण व गीता का अध्ययन करना चाहिए: डॉ. जांगडा



**कुरुक्षेत्र।** प्रत्येक छात्र को रामायण व गीता का अध्ययन करना चाहिए। इन धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन करने से जीवन का उद्धार होता है। व्रत रखना शरीर के लिए अत्यंत आवश्यक है। शक्ति की पूजा करने के लिए हम मां के रूपों की पूजा करते हैं। चैत्र माह की शुक्ल पक्ष की अष्टमी को दुर्गा की पूजा होती है। हम सभी देवियों की पूजा अर्चना करते हैं। यह विचार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के स्थापना शाखा के उप-कुलसचिव डॉ जितेंद्र जांगडा ने यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल में दुर्गा अष्टमी व रामनवमी के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि हिन्दू धर्म में इसका विशेष महत्व है। हम नव वर्ष के साथ देवियों की पूजा करते हुए व्रत रखते हैं। व्रत रखने से शरीर स्वस्थ होता है।

## आदेश अस्पताल में सफल बाईपास सर्जरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहबाद


**शाहबाद।** बाईपास सर्जरी के बाद हृदय रोगी के साथ हार्ट सर्जन अंकुश सिंह व टीम।

मोहड़ी स्थित आदेश अस्पताल व मैडिकल कॉलेज में हृदय रोगी की सफल बाईपास सर्जरी की गई है। सर्जरी हार्ट सर्जन अंकुश सिंह व उनकी टीम ने की है। हार्ट सर्जन अंकुश सिंह ने बताया कि कुरुक्षेत्र निवासी हृदय रोगी आदेश अस्पताल में आया था जोकि दिल की बीमारी के कारण गंभीर था और जिसके चलते रोगी की बाईपास सर्जरी होनी थी। जिस पर रोगी आदेश अस्पताल में भर्ती हुआ और उनकी टीम ने करीब तीन घंटे में यह सफल सर्जरी की। उल्लेखनीय है कि डा. अंकुश सिंह लखनऊ के संजय गांधी पीजीआई में कईं वर्षों तक बतौर हार्ट सर्जन तैनात रहे हैं और अब काफी समय से मोहड़ी स्थित आदेश मैडिकल कॉलेज व अस्पताल में हृदय रोगियों को सेवाएं दे रहे हैं। आदेश ग्रुप के चेयरमेन एवं कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष एवं एम.डी. डा. गुणतास गिल ने डा. अंकुश सिंह व उनकी टीम को सफल सर्जरी के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह हरियाणा के कईं जिलों के लिए गर्व की बात है कि शाहाबाद के मोहड़ी स्थित आदेश अस्पताल में बाईपास सर्जरी, ओपन व स्टेंट, धमनीविस्फार , जन्म से हृदय में छेद की सर्जरी, खून की नसों के आप्रेशन में बाईपास सर्जरी की जा रही है।

---

## छात्रों ने ली बैंकिग प्रक्रिया की जानकारी




**कुरुक्षेत्र।** मारकंडा नेशनल कॉलेज की उद्यमिका विकास सेल, करियर मार्गदर्शन और प्लेसमेंट सेल, वाणिज्य विभाग के सहयोग से पंजाब नेशनल बैंक को जानकारीपूर्ण दौरा आयोजित किया गया। इस दौरे का उद्देश्य छात्रों को विभिन्न बैंकिंग प्रक्रियाओं और बैंकिंग क्षेत्र में करियर के अवसरों के बारे में जानकारी प्रदान करना था। श्री पवन कुमार, शाखा प्रबंधक ने छात्रों को खाता खोलने की प्रक्रिया, केवाईसी निर्माण, ऋणों के प्रकार, लॉकर सुविधाएँ और नेट बैंकिंग के माध्यम से नेतृत्व किया। इसके अलावा, उन्होंने बैंकिंग क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न करियर पथों के बारे में मूल्यवान जानकारी साझा की। 20 से अधिक छात्रों ने इस दौरे में भाग लिया और उत्साहपूर्वक बैंकिंग योजनाओं, खातों के प्रकार, बैंक ऑडिट्स और उद्योग में करियर के संभावनाओं आदि के बारे में प्रश्न पूछे। दौरे का संचालन शिक्षकों-प्रभारियों द्वारा किया गया, जिनमें एसएस काजल, डॉ. अजय कुमार अरोड़ा, डॉ भाविनी तेजपाल, श्री हरीश कुमार शामिल हैं, जिनकी समर्पणशीलता ने कार्यक्रम की सफलता में योगदान किया।

## भक्तों ने महागौरी स्वरूप की पूजा की

हरिभूमि न्यूज. शाहबाद


**शाहबाद।** मंदिर में पूजा करते श्रद्धालु।

नगर के माता बाला सुंदरी मंदिर में चैत्र शुक्ल के नवरात्रों के उपलक्ष में सुबह 3 बजे से ही माता के भक्तों का तांता लगा रहा। अष्टमी के मौके पर सुबह से ही लंबी-लंबी कतरो में श्रद्धालुओं ने कई घंटे खड़े होकर माता के भवन में पहुंचे और माता को हलवा पुरी का प्रसाद लगाया। आठवें नवरात्रि के उपलक्ष में माता के महागौरी स्वरूप की पूजा अर्चना की गई।

सुबह सर्वप्रथम माता महागौरी का श्रृंगार किया गया। तदोप्रांत माता की आरती की गई। मंदिर सभा के मुख्य पुजारी ऋषि और सतीस ने बताया कि आज पूरा दिन माता के भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिर भवन माता के जयकारों से गूंजायमान रहा। मंदिर परिसर को रंग बिरंगी लाइटों और फूलों से सजाया गया है। मंदिर का नजारा बहुत ही मनमोहन लग रहा है। मंदिर के आसपास प्रसाद और बच्चों के खिलौने की दुकानों लगी हुई है। मंदिर का मनमोहक दृश्य एक त्यौहार की तरह प्रतीत हो रहा है। मंदिर सभा के प्रधान पवन गर्ग और सेवादार आशू गुप्ता ने बताया कि आज अष्टमी के मौके पर दूरदराज से भक्तों का माता के दर्शनों के लिए भीड़ लगी रही। अष्टमी के दिन रात्रि को भवन में माता का जागरण हुआ जहां अनेक भजनीको ने माता का गुणगान किया।


## मोदी का संकल्प पत्र समग्र विकास की गारंटी: डॉ. गणेश



**लाडवा।** भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व सुशासन विभाग के प्रदेश सदस्य डॉ. गणेश दत्त ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कथनी और करनी समान है। 10 साल के दोनों कार्यकाल में देश के विकास के लिए और गरीब किसान मजदूर के सामाजिक आर्थिक उत्थान के लिए जो कहा था उसे तत्परता से पूर्ण करने का कार्य किया। 2024 में घोषित किया गया संकल्प पत्र भी देश के समग्र विकास का प्रतीक हैं और 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने का आधार है। प्रदेश में सभी 10 लोकसभा में कमल खिलेगा और कुरूक्षेत्र से नवीन जिंदल भारी मतों से विजयी होंगें। वे लोकसभा चुनाव के मध्यनजर भाजपा कार्यकताअरं की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होनें कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकास पुरूष के रूप में जन-जन के मन में बसे हैं। जिन्हें तीसरी बार देश की बागडोर सम्भालने का जनता मन बना चुकी है। बढती लोकप्रियता ही घमंडिया गठबंधन के घटक दलों को रास नहीं आ रही है।

---

## साधकों को जीवन की कला को और बेहतर बनाने के लिए टिप्स दिए




**कुरुक्षेत्र।** आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से एडवांस्ड मेडिटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके तहत साधकों को जीवन की कला को और बेहतर बनाने के लिए टिप्स दिए गए। यह आयोजन ब्रह्मसरोवर के समीप मेडिटेशन हॉल में किया गया। बेंगलुरु से आए स्वामी आत्मानंद जी महाराज ने बताया कि श्री श्री रविशंकर जी महाराज के सानिध्य में बेंगलुरु से एक टीम कुरुक्षेत्र ड्डोजी गई ताकि स्थानीय लोगों को जीवन की कला को और बेहतर बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया जा सके। प्रशिक्षक अनीता पवार ने बताया कि एडवांस्ड मेडिटेशन के लिए 4 दिन तक साधकों को सुबह से शाम तक अलग-अलग तरह के प्रशिक्षण दिए जाते हैं ताकि साधक अपने घर पर भी मेडिटेशन कर सकें। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में 95 साधकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिनमें अक्षय मित्तल, संजीव बाबा, रजनीश गुप्ता, डॉक्टर वीणा गुप्ता, गौरव, राजपाल, प्रोफेसर अमित कुमार, एडवोकेट अजय कुमार भी शामिल है। उन्होंने यह भी बताया कि सभी साधक बरेली, हांसी, दिल्ली, नोएडा, जयपुर, जम्मू , पटियाला, देहरादून, शिमला से पहुंचे हैं। इस मौके पर संजीव पाहवा, डॉ विनोद कुमार, सुनीता शर्मा, सुदर्शन अग्रवाल, ललित माता, आनंद जायसवाल, डॉ अरविंद कुमार भी मौजूद रहे।

### मां भद्रकाली शक्तिपीठ में पहुंचे बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव सपरिवार

## दुष्यंत गौतम ने किए मां भद्रकाली के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र


कुरुक्षेत्र। 16केयूके13

नवरात्रों की श्रीदुर्गाष्टमी पर माँ भद्रकाली शक्तिपीठ में माँ महागौरी की पूजा की गई। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने बताया कि नवरात्रों में नौ देवियों की पूजा का विधान है। उन्होंने बताया कि देवी भागवत पुराण में बताया गया है कि माँ के नौ रूप और 10 महाविद्या सभी आदिशक्ति के अंश और स्वरूप हैं लेकिन महादेव के साथ उनकी अर्धांगिनी के रूप में महागौरी हमेशा विराजमान रहती हैं। माँ के हाथ डमरू होने के कारण इनको शिवा भी कहा जाता है। मंदिर की मुख्य पुजारिन शिमला देवी द्वारा माताजी को नारियल का भोग लगाया गया और साथ ही सफेद फूल अर्पित किए गए। भक्त अष्टमी और नवमी दोनों के दिन ही अपना नवरात्रि व्रत समापन करते हैं। शास्त्रों के अनुसार कन्या पूजन के बिना नवरात्र के व्रत का फल प्राप्त नहीं होता। मंदिर में श्रीदेवीकूप पर आज लोग लगातार कन्यापूजन कर रहे थे ।इसी उपलक्ष में बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम ने सपरिवार श्री दुर्गाष्टमी पर माँ की कंजक श्लोका पंडित का कन्या पूजन किया। गुरुजी ने आगे बताया कि आमतौर पर बहुत से लोग जो 9 दिन का व्रत नहीं रखते वे पहले दिन और अष्टमी के दिन व्रत रखते हैं या अधिकांश लोग पूजा के बाद अपना नवरात्रि व्रत खोलते हैं। आज मंदिर में भी कंजकों के पूजन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। इस मौके पर नरेंद्र वालिया, डॉ अन्नु पॉल शर्मा, निकुंज शर्मा, हेमराज शर्मा, शकुंतला देवी, एमके मौदगिल, जीवन मौदगिल, मीना जोशी, स्नेहिल शर्मा मौजूद रहे।

## महाआरती में इनेलो नेत्री तनुजा ने की शिरकत



**कुरुक्षेत्र।** धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के मोहन नगर स्थित सर्वप्रथम विघ्नहर्ता गणपति मंदिर में भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। जिसमें इनेलो महिला विंग जिला अध्यक्ष तनुजा ने मुख्य यजमान के रूप में शिरकत की। उनके साथ इनेलो नेता धर्मवीर कश्यप एवं दर्जनों कार्यकताअरं ने मां भगवती जी की भव्य आरती की। विघ्नहर्ता गणपति ट्रस्ट के प्रधान चंचल द्वारा इनेलो महिला जिला अध्यक्ष तनुजा को गणेश जी की प्रतिमा भेंट की गई। इनेलो महिला जिलाध्यक्ष तनुजा ने कहा कि आज उन्हें कुरुक्षेत्र में सर्वप्रथम विघ्नहर्ता गणपति मन्दिर में आने और महाआरती में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि भगवान गणेश सब देवी देवताओं में सबसे पहले पूजने वाले भगवान है। कोई भी शुभ कार्य शुरू करने से पहले भगवान गणपति की आराधना की जाती है। भगवान गणेश सबके दुखो को हर लेते है इसीलिए उन्हें विघ्नहर्ता भी कहते है। आज शाम मन्दिर में आने और महाआरती में शामिल होने के मौका मिला है।

## खबर संक्षेप

### अफीम तस्करी में आरोपी शामिल जांच

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज नशा तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी संदीप कुमार को शामिल जांच किया है। इस मामले में पहले गिरफ्तार आरोपी सागर उर्फ शेखर ने पूछताछ के दौरान बतलाया कि संदीप कुमार भी इस मामलें में संलिप्त है। 6 मार्च 2024 को पुलिस ने जनसुई पेट्रोल के पास 160 ग्राम अफीम के साथ आरोपी शेखर को काबू किया था। तब आरोपी ने संदीप के भी जुर्म में शामिल होने की बात कही थी।

### पुलिस ने वांछित आरोपी का किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बराड़ा में दर्ज मामले में वांछित आरोपी साबर अली को पुलिस ने काबू किया है। आरोपी को अदालत ने पीओ घोषित किया था। इसके बाद उसके खिलाफ केस दर्ज किया गया। आरोपी अपने खिलाफ पहले दर्ज केस की सुनवाई में शामिल नहीं हो रहा था। इसी वजह से उसे काबू किया गया। अदालत ने उसे जेल भेज दिया है।

### सरकारी कार्य बाधित करने वाला शामिल जांच

**अंबाला।** थाना नारायणगढ में दर्ज सरकारी कार्य को बाधित कर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने आरोपी प्रदीप कुमार को शामिल जांच किया है।
इस मामले में एसडीओ विद्युत विभाग ने 5 अप्रैल 2024 को थाना नारायणगढ़ में शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी प्रदीप कुमार व अन्य ने विद्युत विभाग के कर्मचारियों से हाथापाई कर सरकारी कार्य को बाधित करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी।

### सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में काबू

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी विक्रमजीत सिंह को गिरफ्तार किया है। परिवादी वीरहंस ने 14 फरवरी 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि गांव डुलियानी के पास आरोपी डंपर चालक ने लापरवाही व तेज गति से उसकी कार में टक्कर मारी। इस दुर्घटना में कार में सवार संजीव कुमार की ईलाज के दौरान मौत हो गई थी। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### 455 ग्राम अफीम के साथ बाइक सवार काबू

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने गांव धमतान सहिब के खरल रोड पर बाइक सवार युवक को काबू कर उसके कब्जे से 455 ग्राम अफीम बरामद की है। गढ़ी थाना पुलिस ने पकडे.गए युवक के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। सीआइए स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव धमतान साहिब के खरल रोड पर बाइक सवार युवक नशीले पदार्थ के साथ ग्राहकों का इंतजार कर रहा है।

### कार की टक्कर से मोटर साइकिल सवार घायल

**कैथल।** गांव प्योदा में एक कार चालक ने मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव खेड़ी शेरू निवासी खुशी राम ने तितरम थाना में शिकायत दी कि छह मार्च को शाम के समय वह मोटर साइकिल पर गांव प्योदा के पास से जा रहा था। वहां अज्ञात कार चालक ने उसे टक्कर मारकर घायल कर दिया। जांच अधिकारी रोहताश सिंह ने बताया कि पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गाड़ी चालक पर हमला कर किया घायल

**जींद।** गांव पिंडारा पूल के निकट कार व बाइक सवार युवकों ने गाड़ी चालक पर हमला कर घायल कर दिया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने घायल चालक की शिकायत पर एक व्यक्ति को नामजद कर आठ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव दनौदा कलां निवासी अमित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गाड़ी लेकर गांव पिंडारा की तरफ जा रहा था। पिंडारा पुल के निकट पीछे से आई कार ने उसकी गाड़ी का रास्ता रोक लिया।

---

पूर्व ग्रहमंत्री अनिल विज ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रत्याशी को जीताने का लिया संकल्प




**अंबाला।** छावनी के अग्रवाल धर्मशाला में चुनाव कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व गृहमंत्री अनिल विज और बैठक में मौजूद कार्यक्रर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

पूर्व गृहमंत्री विज बोले भाजपा की कर्मठ फौज की हुंकार पूरे देश में जाती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला छावनी में भाजपा की कर्मठ फौज है जिसकी हुंकार सारे हिंदुस्तान में जाती है। लोकसभा चुनाव में अम्बाला से भाजपा प्रत्याशी बहन बंतों कटारिया को भारी मतों से जिताने हमें चुनाव की आखिरी तारीख तक पूरी ताकत लगानी है।

विज देर शाम छावनी के अग्रवाल धर्मशाला में लोकसभा चुनाव के लिए अम्बाला छावनी में प्रचार अभियान की शुरूआत से पहले कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने "अबकी बार 400 पार" नारे लगाते हुए कहा कि छावनी के चुनाव प्रचार का श्रीगणेश फारूखा खालसा स्कूल से आयोजित "विजय संकल्प यात्रा" से किया जाएगा और इस यात्रा में बंतो कटारिया भी शामिल होंगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह जोर-शोर से इस यात्रा में शामिल हो। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि उनके जीवन का सिद्धांत रहा है कि वह जो काम करते हैं वह शत-प्रतिशत ताकत के साथ करते हैं। जितनी उनमें ताकत है वह पूरी ताकत लगाते हैं और वह यही अपेक्षा कार्यकर्ताओं से भी करते हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की आखिरी तारीख तक हम सभी को पूरी ताकत लगाकर चुनाव प्रचार में जुटना है ताकि हम यहां से भारी मतों से बहन बंतों कटारिया जी को जीता सकें। विज ने कहा कि हमनें पूर्व में चुनाव के लिए 31 सदस्यीय चुनाव प्रबंधन समिति बनाई थी और इस समिति की बैठक भी हो चुकी है। अम्बाला छावनी लोकसभा क्षेत्र का मंगलवार चुनाव प्रचार अभियान शुरू हो रहा है। शाम पांच बजे फारूखा खालसा स्कूल से विजय संकल्प यात्रा निकाली जाएगी जिसके बाद नियमित लगातार चुनावी अभियान कार्यक्रम होंगे। इस अवसर पर 31 सदस्यीय चुनाव समिति के अध्यक्ष ललित चौधरी, वरिष्ठ भाजपा नेता सोम चोपड़ा, मंडल अध्यक्ष विजेंद्र चौहान, मंडल अध्यक्ष किरणपाल चौहान के अलावा बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

# भाजपा ने हमेशा किसानों की आवाज दबाने का किया काम: वरुण चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना



मुलाना विधायक वरुण चौधरी।

- भाजपा सरकार पर कांग्रेस विधायक ने लगाया किसानों की आवाज दवाने का आरोप

विधायक वरुण चौधरी ने यमुनानगर जिले के साढ़ौरा में सीएम की जनसभा में जा रहे किसानों को पुलिस द्वारा जबरदस्ती गिरफ्तार किए जाने की कड़ी निंदा की है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कारवाई भाजपा के किसान विरोधी चेहरे का प्रतीक है। विधायक ने कहा कि सरकार को किसानों की आवाज दबाने के बजाय किसानों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करना चाहिए लेकिन भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल में प्रशासन के बल पर किसानों की आवाज़ को हमेशा दबाने का काम किया है। जिससे भाजपा सरकार का किसान विरोधी रवैया बार-बार सामने आ रहा है। कभी भूमि अधिग्रहण अध्यादेश और काले कृषि कानून लाकर किसानों पर हमले किए जाते हैं तो कभी उन पर लाठीचार्ज से सीधा वार किया जाता है, जैसा कि कुरुक्षेत्र पिपली में हुआ। शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे किसानों पर इस सरकार द्वारा जो अत्यचार किए गए हम उसकी निंदा करते हैं। विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार में किसानों को फसल बीजने से लेकर फ़सल बेचने तक दर दर भटकना पड़ता है और फिर फसल का भुगतान भी समय से नही होता है। खेती में उपयोग होने वाली खाद, बीज, कीटनाशकों के दामों में कई गुना वृद्धि इस भाजपा सरकार द्वारा की गई है पेट्रोल, डीजल की कीमतें आसमान छू रही है। भाजपा सरकार के वायदे मुताबिक 2022 तक किसानों की आय तो दोगुनी नहीं हुई लेकिन किसानों की खेती का खर्च जरूर कई गुना तक बढ़ गया है।

---

## बच्चों को शिक्षित बनाने के लिए किया प्रेरित



कैप्शन : बच्चों को स्टेशनरी बांटते हुए सोनिया परोचा।

बराड़ा। गांव घेलड़ी में डॉ भीमराव अम्बेडकर जंयती के उपलक्षय में कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें भाजपा नेत्री सोनिया परोचा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव की सरपंच मीना रानी ने की। गांव की महिलाओं ने सोनिया परोचा का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने बाबा साहब के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार बाबा साहब के सपनों को सरकार करने का कार्य कर रही है। भाजपा नेत्री ने कहा कि बाबा साहब का सपना था कि समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को भी विकास योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए जिसके लिए जमीनी स्तर पर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को अमल में लाया जा रहा है। वर्तमान सरकार विकसित भारत के सपने को सरकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर उन्होंने स्कूली शिक्षा प्राप्त कर रहे बहुत से बच्चों को अपनी ओर से लेखन सामग्री बांट कर सम्मानित किया। मौके पर मोहन परोचा, सोहनलाल, प्रदीप कुमार, शंटी कुमार, श्यो राम, नरेश कुमार, जसबीर सिंह, रुमन देवी, रानी देवी, परमजीत कौर, ममता देवी व अन्य महिलाएं मौजूद रही।

---

### सीएम फ्लाइंग ने दी बीड़ीपीओ कार्यालय में दस्तक, हड़कंप

**सफीदों।** सीएम फ्लाइंग की टीम ने मंगलवार को नगर के बीडीपीओ कार्यालय में दस्तक दी। जिसके बाद पूरे बीडीपीओ कार्यालय में हड़कंप मच गया। टीम की अगुवाई सीएम फ्लाइंग के डीएसपी रविंद्र कुमार कर रहे थे। टीम ने कार्यालय के हाजिरी रजिस्टर जांचते हुए विभिन्न सरकारी योजनाओं के कायार्ें की प्रगति के बारे जानकारी हासिल की। इस कार्रवाई के दौरान खुद बीडीपीओ जींद किसी मीटिंग में जाए हुए बताए गए तथा उनके स्थान पर कोई नरेश कुमार कार्य करता हुआ मिला। वहीं हाजिरी रजिस्टर में कर्मचारियों ने अपनी-अपनी हाजरियां नहीं लगाई हुई थी। टीम ने वहां पर मौजूद कर्मचारियों से पूछा कि गांव में कचरा उठाने की योजना के तहत कितना कार्य हुआ, जिस पर बताया गया कि इस कार्य के लिए अभी तक गांवों में टेंडर नहीं हुए है।

---

# प्रदेश में जेजेपी की जड़ें बहुत मजबूत, मजबूती से लड़ेंगे लोकसभा चुनाव

- जजपा नेता दिग्विजय चौटाला ने पार्टी कार्यकर्ताओं में भरा खूब जोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला




**अंबाला।** मंचासीन जजपा नेता दिग्विजय सिंह चौटाला व मौजूद कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

जननायक जनता पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा है कि प्रदेश जेजेपी की जड़ें बहुत मजबूत है और लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव का सेमीफाइनल लोकसभा चुनाव है और पार्टी कार्यकर्ता मजबूती के साथ चुनाव लड़ने की तैयारी में लगे हुए है। इसके साथ-साथ पार्टी कार्यकर्ता दुष्यंत चौटाला को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने के लिए भी जी-जान से जुटे हुए है। वे मंगलवार को चुनाव के मद्देनजर जेजेपी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक लेने पहुंचे थे। चौटाला ने कहा कि जेजेपी ने पांच मजबूत लोकसभा उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है और बाकी बची पांच लोकसभाओं में भी मजबूत प्रत्याशियों को मैदान में उतारा जाएगा। उन्होंने कहा कि जेजेपी पार्टी को बने छह साल हुए हैं और इन छह सालों में जेजेपी ने कई मुकाम हासिल किए है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि वे लोकसभा चुनाव पर पूरा फोकस करें क्योंकि यह चुनाव दुष्यंत चौटाला को मुख्यमंत्री बनाने का सेमीफाइनल है। दिग्विजय ने कहा दुष्यंत चौटाला ने उपमुख्यमंत्री पद के मायने बदले हैं। इससे पहले भूपेंद्र सिंह हुड्डा डिप्टी सीएम के पद को कुछ नहीं मानते थे लेकिन दुष्यंत ने मायने बदले तो भूपेंद्र हुड्डा चार उपमुख्यमंत्री बनाने की बातें करते हैं। एक सवाल के जवाब में दिग्विजय चौटाला ने यह भी कहा कि लोगों में नाराजगी भाजपा के काम के तरीके को लेकर थी और इस बात को जनता समझती है। उन्होंने यह भी कहा कि सांसद ऐसा होना चाहिए जो देश की सबसे बड़ी पंचायत में इलाके की आवाज को बुलंद कर सके। दिग्विजय ने कहा कि दुष्यंत चौटाला ने बतौर सांसद और डिप्टी सीएम रहते हुए प्रदेश के विकास में अपना अहम योगदान दिया, जिसे जनता सदैव याद रखेगी। उन्होंने कहा कि अगर इलाके का प्रतिनिधित्व संसद में मजबूती से रखा जाए तो क्षेत्र विकास के मामले में कभी भी पीछे नहीं रह सकता इसलिए पार्टी कार्यकर्ता मतदाताओं को यह समझाएं कि उनका हितैषी कौन है।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके दलबीर सिंह पूनिया, सुरजीत सौंडा ,अनिल जंधेड़ी , सरबजीत कौर, डॉक्टर एमएस ढिल्लों ,पुष्पिंदर मोहडी, कमल रावल , मनोज राणा ,लक्की सैनी छोटा, रामदास , दलबीर सौंटा,सरोज लूथरा , हरकेश सुल्लर , डॉक्टर रविंद्र , सरजंत सिंह , कप्तान सिंह, गुलाब सिंह, मनजीत सिंह,राज कुमार वर्मा ,अरमान सिंह, यशपाल बजाज, जसवंत सिंह मोहड़ी , देविंद्र सैनी , मुकेश श्याम सिंह, भूपिंदर सिंह, भारत भूषण , प्रवीण गुप्ता, गेविन पूनिया, नवीन हरी, लक्की जलबेडा,विक्रम,संजू, जतिंद्र सहित कई गणमान्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

# अंबाला लोकसभा सीट के लिए 927 पोलिंग स्टेशन स्थापित

- सैक्टर ऑफिसर्स को सौंपी गई अहम जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



वीवीपैट मशीन को चेक करते जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन व अन्य।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. शालीन ने कहा कि लोकसभा चुनाव का सफलतापूर्वक आयोजन करवाने में सैक्टर ऑफिसर की अहम भूमिका होती है। सेक्टर ऑफिसर की चुनाव ड्यूटी लगाई गई है, वे उसका बेहतर तरीके से निवर्हन करें। सेक्टर ऑफिसर को जो प्रशिक्षण दिया जा रहा है उसकी ट्रेनिंग लेना भी सुनिश्चित करें ताकि चुनाव के दौरान उन्हें किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। उपायुक्त मंगलवार को पंचायत भवन के सभागार में सेक्टर ऑफिसर की एक बैठक ले रहे थे। इस मौके पर उनके साथ नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता भी मौजूद रहीं। डॉ. शालीन ने कहा कि पोलिंग पार्टी और कमीशन के बीच सेक्टर ऑफिसर एक महत्वपूर्ण इकाई होती है। उन्होंने इस दौरान उन्हें मतदान से पहले, मतदान के दौरान तथा मतदान के उपरांत जो ड्यूटी उन्हें सौंपी गई है, उसका ईमानदारी से निवर्हन करें। अधिकारी ने बैठक के दौरान बताया कि चुनाव के दृष्टिगत 927 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। 10 से 12 पोलिंग स्टेशन के तहत एक सेक्टर ऑफिसर नियुक्त किया गया है। यानि 92 सेक्टर ऑफिसर लगाए गये हैं। उन्होंने कहा कि सेक्टर ऑफिसर अपने मतदान केंद्रों का दौरा करना सुनिश्चित करेंगे। इस दौरान वहां पर बीएलओ से मिलना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि नोमिनेशन से पहले नई वोट बनाने का कार्य किया जा सकता है। इसी प्रकार मतदान से पहले पोलिंग पार्टियां लगाई गई है और जो उनके अधीन आती हैं वे चुनाव सामग्री के साथ डिस्पैच सेंटर से ले जाना सुनिश्चित करेंगे। सेक्टर ऑफिसर को मतदान से 10 दिन पहले सेक्टर मजिस्ट्रेट की ड्यूटी भी सौंपी जाएगी। मतदान वाले दिन हर सेक्टर ऑफिसर को एक स्पेयर ईवीएम मशीन उपलब्ध करवाई जाएगी ताकि यदि कहीं पर ईवीएम मशीन, वीपीपैट, बेल्ट यूनिट खराब होती है तो उसे तुरंत बदला जा सके। जहां पर भी कोई मशीन खराब होती है, उसकी सूचना चुनाव कार्यालय में बनाए गए कंट्रोल रूम में देनी होगी। इस दौरान चुनाव तहसीलदार संदीप कुमार, डीआईपीआरओ धर्मेंद्र कुमार समेत अनेक सैक्टर ऑफिसर मौजूद थे।

---

# खेतो में खड़ी गेहूं की फसल में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

चुहड़पुर लिंक मार्ग पर अलेवा के खेतों में खड़ी गेहूं में मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में अचानक आग लग गई। साथ के खेतों में कार्य कर रहे किसानों ने गेहूं की खड़ी फसल में आग लगी देख मामले की सूचना पुलिस व खेत के मालिक किसानों को दी। सूचना मिलते ही अलेवा थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ व गांव से सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीण ट्रैक्टरों व पानी की टंकी लेकर मौके पर पहुंच गए। तेज हवाओं के चलने से खेतों में खड़ी गेहूं की फसल में लगी आग कुछ ही देर में काफी दूर तक फैल गई। किसानों ने आग लगी गेहूं की फसल के चारों और ट्रैक्टर चला कर व पानी की सहायता से लगभग आधे घंटे में बिना फायर बिग्रेड के आग पर काबू पाया जा सका। आग पर काबू पाने में ग्रामीणों के साथ अलेवा थाना पुलिस की टीम ने भी सहयोग किया। ग्रामीणों व किसानों ने बताया कि जब तक आग पर काबू पाया गया, उस समय तक अलेवा की साधन पट्टी निवासी सुरेश की तीन एकड़ में खड़ी गेहूं व बाधू पट्टी निवासी संदीप की अढ़ाई एकड़ खेत में खड़ी गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई है।

---

# पत्नी से अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने के आरोपों में पति की जमानत खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- दो आरोपियों की गिरफ्तारी पर अदालत ने रोक लगाई, अब दोनों आरोपी जांच में होंगे शामिल होंगे
- जांच का एक नियम होता है जिसे लुधियाना पुलिस ने नहीं लागू किया : कांग्रेस नेत्री चित्रा

दहेज उत्पीड़न समेत कई गंभीर आरोपों का सामना कर रहे मंत्री के करीबी अरविंद अग्रवाल लक्की व उनकी पत्नी की गिरफ्तारी पर अदालत ने रोक लगा दी है। हालांकि अदालत ने अरविंद के बेटे हिमांशु अग्रवाल की अग्रिम खारिज कर दी है। गिरफ्तारी से बचने के लिए सभी आरोपियों ने लुधियाना की अदालत में याचिका दायर की थी। अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के बाद अब हिमांशु पर गिरफ्तारी का दबाव बढ़ गया है। लुधियाना की रहने वाली दीक्षा ने पति हिमांशु अग्रवाल, ससुर अरविंद अग्रवाल, सास संगीता अग्रवाल व अन्य पर गंभीर आरोप लगाते हुए धारा 406, 498 A, 377, 354, 120 बी के तहत केस दर्ज करवाया है। लुधियाना की एडिशनल सेशन कोर्ट में जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। दीक्षा की ओर से दर्ज करवाई गई एफआईआर में राज्य मंत्री असीम गोयल के नाम का भी जिक्र किया है। हालांकि पुलिस ने असीम इस मामले में मंत्री के खिलाफ कार्रवाई करने से इंकार कर दिया है। उधरकांग्रेसी नेत्री चित्रा सरवारा ने इस मामले में असीम गोयल का इस्तीफा मांगा है। उन्होंने कहा है कि सही ढंग से बिना किसी दवाब के मामले की जांच हो, इसलिए असीम को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए ।

चित्रा ने कहा पहले भी प्रदेश सरकार अपने मंत्रियों को महिला द्वारा आरोप लगने में बाद भी बचा चुकी है। उन्होंने कहा असीम गोयल को बिना जांच में शामिल किए क्लीन चिट कैसे दी गई। जांच का एक नियम होता है जिसे लुधियाना पुलिस ने नहीं लागू किया।

---

**लोकसभा चुनाव** | पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ने चलाया अभियान

# आमजन को मतदान के प्रति किया जागरुक, छात्रों ने निकाली रैली

मतदान के संबंध में कोई भी शिकायत टोल फ्री नंबर 1950 पर दर्ज करवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



**बराड़।** रैली निकालते हुए स्कूली बच्चे। *फोटो : हरिभूमि*

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उगाला की स्वीप टीम के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां करवाते हुए मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। प्राचार्य जगदीश मेहरा के द्वारा जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। स्कूल लीगल लिटरेसी क्लब और स्वीप टीम के द्वारा गांव के सभी ऐसे युवक युवतियों जिनकी आयु 18 वर्ष हो चुकी है , उनको वोट बनावाने व मतदान के बारे में जागरूक किया गया। इसके लिए सभी बीएलओ वोट बनवाने में सभी का सहयोग करेंगे। इसके अलावा जिन लोगों का वोट बना हुआ है उन सभी को 25 मई को हर हाल में अपना मतदान अवश्य करना है और इस क्षेत्र में मतदान की प्रतिशतता को बढ़ाना है । राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उगाला के द्वारा मताधिकार और मतदान पर आधारित कार्यक्रम मतदान के संदेश देने के लिए करवाए गए स्वीप टीम के द्वारा गांव वालों को नई वोट बनवाने के लिए मतदाता हेल्पलाइन एप का प्रयोग करने, आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के समाधान हेतु सी विजिल एप का प्रयोग करने एवं टोल फ्री नंबर 1950 पर जाकर मतदान संबंधी किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने और मोबाइल से कर कोड स्कैन कर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए भी मतदाताओं को जागरूक करवाया गया।